भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †990
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना

†990. **डॉ. नामदेव किरसान:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र राज्य सहित देश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निधियां आवंटित की गई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से देश एवं महाराष्ट्र में ग्रामीण पर्यटन सहित विविध पर्यटक गंतव्यों और अनुभवों का संवर्धन करता है। ऐसे संवर्धन, कार्यक्रमों के आयोजन एवं उनमें भागीदारी, राज्य सरकारों को मेलों एवं महोत्सवों के आयोजन हेतु सहायता तथा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया आदि से पहुँच के माध्यम से किए जाते हैं।

देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावना को पहचानते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति एवं रोडमैप तथा होमस्टे के संवर्धन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है।

ग्रामीण पर्यटन वाले ग्रामों में प्रचलित सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान एवं उनका संवर्धन करने के लिए, मंत्रालय वर्ष 2022 से सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, राज्य के लिए पूंजीगत निवेश की (एसएएससीआई) योजनाओं और राष्ट्रीय तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी मिशन (प्रशाद) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं तथा निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया है।

*****

अनुबंध

डॉ. नामदेव किरसान द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †990 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

परिपथ एवं वर्ष	**परियोजना**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**
तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (तट और क्रीक), मितभव का विकास	19.06	18.10
आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराड का विकास	45.47	43.19

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत विकास के लिए चिह्नित किए गए गंतव्य:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत लागत**
2024-25	पुणे	शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क- चरण 3	76.22

महाराष्ट्र राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**परियोजना का नाम**	**राशि**
2024-25	पूर्व आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग	46.91
	नासिक में "राम-काल पथ" का विकास	99.14

महाराष्ट्र राज्य में प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**
2017-18	त्र्यंबकेश्वर का विकास	42.18	29.93

*****